आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के हाथरस जिले में आज एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक सत्संग में हिस्सा लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ हो जाने से अब तक सत्ताइस लोगों की मौत हो जाने की खबर है। जानकारी के अनुसार भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच जाने के कारण यह हादसा हुआ।

एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हाथरस जिले के मुगलगढ़ी गांव में एक धार्मिक आयोजन चल रहा था, तभी भगदड़ मच गई। एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 23 महिलाएं, 3 बच्चे और 1 पुरुष का शव शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। मामले की जांच के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर एक्स पर संदेश के माध्यम से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट सहित 11 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। इस एक्ट के माध्यम से देश और दुनिया के बड़े–बड़े निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार के इस निर्णय से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जबकि जन सामान्य को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश में स्पेशल इन्वस्टमेंट रीजन डेवलप करने के लिए यह एक्ट बनाया गया है। इस तरह का एक्ट अभी तक तीन राज्यों में है, जिनमें गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं। इस एक्ट को लागू करने वाला यूपी चौथा राज्य बन जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 2023 में सेवा से हटाए जाने वाले 2200 से ज्यादा शिक्षकों को योगी कैबिनेट ने अस्थायी रूप से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर रखे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

****

प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने आज वाराणसी के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी कुंभ की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। यात्रियों की सहुलियत के लिए परिवहन विभाग सात हजार नई बसों का संचालन करने जा रहा है। साथ ही 3600 और बसें खरीदी गई है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि हमारी यह कोशिश रहेगी कि कुंभ मेले के अंदर डीजल बसों के स्थान पर सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाए। इसके साथ ही कुंभ क्षेत्र में आने वाले चारों मार्गों पर अस्थाई बस स्टैंड की भी व्यवस्था की जाएगी। जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो। चिन्हित स्थलों पर अस्थाई बस अड्डों का निर्माण शुरू हो गया है। एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी संसद में जो अनाप–शनाप बयान दे रहे हैं, वह उनकी हताशा को दिखाता है।

****

सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की शूचिता को बनाए रखने और मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की संरचना और कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

****

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पद के उप–चुनाव हेतु आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा पिछड़ों और दलितों के साथ है। विपक्ष उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, उसे करारा जवाब मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

****

पीलीभीत जिले के स्कूल कालेजों में आज संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में छात्र–छात्राओं को जानकारी दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों को संचारी रोग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि इन रोगों से बचाव के लिए अपने आस पास स्वच्छता रखना बेहद जरूरी है। प्राथमिक लक्षण नजर आने पर ही व्यक्ति को तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

****

प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के बाद से ही अधिकांश जिलों में हो रही बारिश ने आम जन को भीषण गर्मी से राहत प्रदान की है। हालांकि, मौसम विभाग ने बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती सहित कई जनपदों में मेध गर्जना के साथ भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश जनपदों में बारिश की संभावना बनी रहेगी।

****